महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
ज्ञान शांति मैत्री
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

---

## नागपुर में आयोजित राज्यस्तरीय एकांकिका स्पर्धा में
## हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत 'गिनीपीग' नाटक को प्रथम पुरस्कार



वर्धा दि. 21 अक्तूबर 2011 : विदर्भ की सुप्रसिध्द सांस्कृतिक संस्था 'कलासागर' और विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में नागपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एकांकिका स्पर्धा में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के नाटयकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के छात्रों द्वारा प्रस्तुत 'गिनीपीग' नाटक को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

मोहित चॅटर्जी द्वारा लिखित तथा सांत्वना निगम द्वारा हिंदी में अनुदित इस नाटक को निर्माण तथा प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार विश्वविद्यालय के नाटयकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग को मिला तथा नाटय निर्देशन का प्रथम पुरस्कार नाटयकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. रवि चतुर्वेदी को प्राप्त हुआ। महिला अभिनय का प्रथम पुरस्कार रश्मी पटेल को तथा  पुरूष अभिनय प्रथम पुरस्कार चैतन्य आठल्ये इन छात्रों को मिला है।

इस नाटक में नाटयकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के छात्र संजय कुमार साहु, अभिषेक कुमार ने भी अपने अभिनय के जौहर दिखाए है। नाटक के लिए तंत्र निदेशक के तौर पर डॉ. रयाज हसन एवं  निर्मिति प्रबंधक व समन्वयक के रूप में नाटयकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सतीश पावडे ने भूमिका निभायी। नाटक में रंगभूषा रोहितकुमार की संगीत संयोजन धर्म प्रकाश का एवं वस्त्रभूषा नितीन धोबेकर की थी। प्रस्तुति सहाय्य अखिलेश दीक्षित का था। इस प्रस्तुति के लिए अवधेशकुमार, राजकुमार, अश्विनी कुमार व लीलाधर पेटकर का सहयोग मिला।

विदर्भ स्तरीय हिंदी एकांकिका स्पर्धा का पुरस्कार वितरण समारोह मोरभवन, नागपुर के हिंदी साहित्य संमेलन के मुक्ताकाशी रंगमंच पर ख्यातनाम फिल्म निदेशक यश चौहान के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस समारोह में कलासागर संस्था के पदाधिकारी तथा हिंदी साहित्य संमेलन के अध्यक्ष उमेशबाबू चौबे, प्रसिध्द फिल्म एवं नाटय अभिनेता राजाभाऊ चिटणीस सहित नागपुर के नाटयप्रेमी बडी संख्या में उपस्थित थे। इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय ने विभाग के अध्यक्ष सहित नाटक में शामिल सभी विद्यार्थी तथा विभाग का अभिनंदन किया है।

बी एस मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी